Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to increase the width of National Highway 57 (NH-57) underpass.

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत आभार । मैं भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं । मुझे आज खुशी है कि हमारा प्रधानमंत्री जी इस देश के प्रधानमंत्री हैं, लेकिन आज विश्व में हमारे प्रधानमंत्री जी की जय जयकार हो रही है । मैं प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देता हूं, राष्ट्रपति जी का जो अभिभाषण हुआ, जो काम सात सालों के अंदर देश में हुआ है, इसकी सराहना देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में हो रही है । केवल उधर बैठने वाले लोगों को अच्छा नहीं लग रहा है ।

मैं विषय वस्तु पर आना चाहता हूं । हमारे यहां एनएच-57 गुवाहाटी से सिलचर तक एक सड़क फोर लेन की बनी है । नरपतगंज विधान सभा में नरपतगंज प्रखंड है, वह सड़क बीच मार्केट होकर बनी है, उसमें एक अंडरपास बाइपास है, जिसमें पैदल चलने वाले और छोटी व्हिकल चलती है।

मैं आपके माध्यम से आदरणीय पथ निर्माण मंत्री श्री गडकरी जी से आग्रह करूंगा कि उस पैदल पार रास्ते को चौड़ा करके व्हिकल का रास्ता बनाया जाए, यह रास्ता 70 किलोमीटर लंबी है, जो नेपाल तक जाती है । इस सड़क का प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दोहरीकरण हुआ है । नरपतगंज मार्केट में सड़क पार होने के लिए बड़ी गाड़िया नहीं जाती हैं, छोटा रास्ता बनाया गया है । अगर उस सड़क को बड़ा कर दिया जाए तो गाड़िया सीधे पार हो जाएंगी और दुर्घटना से बचेंगी, वहां दुर्घटना का एक बड़ा केन्द्र हो गया है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय गडकरी जी से आग्रह करूंगा कि उस पैदल पार छोटे रास्ते से बड़े व्हिकल्स, बस और ट्रक पार हो जाए, उसे तरह से बना दिया जाए, यही मैं आग्रह करता हूं । धन्यवाद ।